मध्यप्रदेश विधान सभा

जून–अगस्त, 1990 सत्र

दैनिक कार्य सूची

गुरुवार, दिनांक 12 जुलाई, 1990 (आषाढ़ 21, 1912)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथक्तः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. पत्रों का पटल पर रखा जाना

श्री कैलाश चावला, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री, कम्पनीज एक्ट 1956 की धारा 619-क की उपधारा (3) (ख) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश स्टेट टेक्सटाइल कारपोरेशन लिमिटेड भोपाल का दशम एवं एकादश वार्षिक प्रतिवेदन और लेखा क्रमशः वर्ष 1980 एवं 1981 को पटल पर रखेंगे.

3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) सर्वश्री रामलखन शर्मा/जगदम्बा प्रसाद निगम/उदय प्रकाश मिश्र, सदस्य, रीवा जिले के ग्राम दरेहटा में डकैती पड़ने की ओर मुख्य मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री माधव सिंह ध्रुव, सदस्य, रायपुर जिले के सिहावा विधान सभा क्षेत्र के अनेक ग्रामों में चिकित्सा के अभाव में हुई मौत की ओर राज्य मंत्री, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(3) श्री चन्द्रकान्त गुप्ता, सदस्य, खरगौन तथा खण्डवा जिले में कपास उत्पादन हेतु प्रमाणीकृत बीज उपलब्ध कराने में अनियमितता किये जाने की ओर कृषि मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(4) श्री रमाकांत तिवारी, सदस्य, रीवा जिले के चाकघाट के पास टमस नदी पर पुल बनने से अनेक ग्राम डूब में आने की ओर जल संसाधन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

निर्धारित समय	4. वर्ष 1990-91 की अनुदानों की मांगों पर मतदान (क्रमशः)
8 घंटे	मांग संख्या 1– सामान्य प्रशासन.
	मांग संख्या 2– सामान्य प्रशासन विभाग से संबंधित अन्य व्यय.
	मांग संख्या 3– पुलिस.
	मांग संख्या 4– गृह विभाग से संबंधित अन्य व्यय.
	मांग संख्या 56– कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं प्रशिक्षण विभाग से संबंधित व्यय.
	मांग संख्या 21– आवास एवं पर्यावरण विभाग से संबंधित व्यय.
	मांग संख्या 22–स्थानीय शासन विभाग से संबंधित व्यय.
	मांग संख्या 32– जनसंपर्क विभाग से संबंधित व्यय.
	मांग संख्या 12– ऊर्जा विभाग से संबंधित व्यय.
	मांग संख्या 26– संस्कृति विभाग से संबंधित व्यय.
	मांग संख्या 36– परिवहन.
	मांग संख्या 37– पर्यटन.

मांग संख्या 46—विज्ञान और टेक्नालाजी.

मांग संख्या 65—विमानन विभाग.

मांग संख्या 69—नगरीय कल्याण विभाग से संबंधित व्यय.

मांग संख्या 70—वित्त आयोग की अनुशंसाओं के अंतर्गत प्रशासन के स्तरों का उन्नयन पुलिस.

मांग संख्या 73—वृक्षारोपण, वनीकरण, पर्यावरण एवं पड़त भूमि विकास से संबंधित व्यय.

5.30 बजे से

5. नियम 52 के अधीन आधे घंटे की चर्चा

(1) दिनांक 22 जून 1990 को वाणिज्यिक कर मंत्री से पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या 5 (क्रमांक 1024) के उत्तर से उद्भूत विषय पर श्री महेश तिवारी, सदस्य चर्चा उठायेंगे.

(2) दिनांक 26 जून 1990 को राज्य मंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी से पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या 4 (क्रमांक 1970) के उत्तर से उद्भूत विषय पर श्री रामानन्द सिंह, सदस्य चर्चा उठायेंगे.

भोपाल :
दिनांक 11 जुलाई, 1990.

विश्वेन्द्र मेहता
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.